

कैंपस प्लेसमैंट में चयनित छात्राओं के साथ महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

# कुलपति प्रो. सुदेश ने कैंपस प्लेसमैंट में चयनित छात्राओं के साथ किया संवाद

गोहाना, 5 जुलाई (रामनिवास धीमान): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कर अपनी छात्राओं को आत्मनिर्भर तथा उद्यमिता योग्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय के सभी पेशेवर पाठ्यक्रम बुनियादी ढांचे के माध्यम से कॉरपोरेट के लिए कुशल कार्यबल प्रदान करने के लिए तैयार किए गए हैं। यह उद्गार महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने आज कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्राओं के साथ संवाद करते हुए व्यक्त किए।रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (आरएफटीपीएल) द्वारा लीगल, प्रबंधन, आईटी व एचआर विभाग में बतौर ट्रेनी चयनित छात्राएं अपनी ट्रेनिंग शुरू होने उपरांत कुलपति से शिष्टाचार भेंट करने पहुंची थी। छात्राओं ने कुलपति को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान छात्राओं ने अपने ट्रेनिंग अनुभव भी सांझा किए। शिष्टाचार भेंट करने पहुंची छात्राओं में लवली, अनुष्का दयाल, दिव्यांशु, रितिका, रिया, मुस्कान, मीना, संध्या, अंजलि व गोमती शामिल रहे। इस अवसर पर कार्यवाहक कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह तथा आरएफटी के ट्रेनर निखिल शर्मा एवं सोमदेव तंवर भी उपस्थित रहे।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
06-Jul-2024
Page: 6
http://www.ajitsamachar.com/20240706/27/6/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 06-07-2024 - 06 Jul 2024 - Page 1

# महिला विश्वविद्यालय में पहली मेरिट लिस्ट जारी

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए शुक्रवार को पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज ने बताया कि महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा खरल (जींद) व कृष्ण नगर (रेवाड़ी) स्थित क्षेत्रीय केंद्रों में एनईपी-2020 के प्रावधानों के तहत संचालित किए जा रहे यूजी व पीजी कोर्सेज की पहली कट ऑफ जारी की गई। उन्होंने बताया कि अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में बीकॉम (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 92.20 रही। बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 86.60, बीबीए (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 89, बीए इंग्लिश (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) की कट ऑफ 90.20, बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (ऑनर्स) की कट ऑफ 84.80, बीए-एलएलबी की कट ऑफ 93, बीबीए-एलएलबी की कट ऑफ 85.40 तथा बी वॉक (फैशन टेक्नोलॉजी एंड अपैरल डिजाइनिंग) की कट ऑफ 87.60 प्रतिशत रही। इसके अलावा ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में एमए (इंग्लिश) की कट ऑफ 73.36, एमबीए की कट ऑफ 76.58, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट की कट ऑफ 74.80, एमएससी केमिस्ट्री की कट ऑफ 82.86 तथा एमएससी मैथमेटिक्स की कट ऑफ 78.3 प्रतिशत रही। प्रो. संकेत विज ने बताया कि ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में रेवाड़ी के कृष्ण नगर स्थित क्षेत्रीय केंद्र में बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की कट ऑफ 86.40, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) की कट ऑफ 88, बीकॉम (ऑनर्स) की कट ऑफ 81.20 तथा एमए (इंग्लिश) की कट ऑफ 72.38 प्रतिशत रही।



**खरल रिजनल केंद्र की कट ऑफ:** जींद के खरल स्थित स्वामी रतन देव रीजनल सेंटर में बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की कट ऑफ 89.2, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की कट ऑफ 73 तथा बीकॉम (ऑनर्स) की कट ऑफ 87 प्रतिशत रही।

**8 जुलाई तक फीस जमा करवाएं :** यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पहली मेरिट लिस्ट के अभ्यर्थियों को 8 जुलाई तक फीस जमा करवानी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को डिस्प्ले की जाएगी और फीस 11 जुलाई तक जमा करानी होगी। 13 जुलाई को तीसरी मेरिट लिस्ट डिस्प्ले की जाएगी तथा 15 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे तक फीस जमा करानी होगी।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 06-07-2024 - 06 Jul 2024 - Page 4

## कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्राओं के साथ संवाद

# छात्राओं को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर

- प्लेसमेंट के दौरान छात्राओं ने ट्रेनिंग अनुभव भी साझा किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कर अपनी छात्राओं को आत्मनिर्भर तथा उद्यमिता योग्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय के सभी पेशेवर पाठ्यक्रम बुनियादी ढांचे के माध्यम से कॉरपोरेट के लिए कुशल कार्यबल प्रदान करने के लिए तैयार किए गए हैं। यह उद्गार महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने आज कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्राओं के साथ संवाद करते हुए व्यक्त किए। रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (आरएफटीपीएल) द्वारा लीगल, प्रबंधन, आईटी व एचआर विभाग में बतौर ट्रेनी चयनित छात्राएं अपनी ट्रेनिंग शुरू होने उपरांत कुलपति से शिष्टाचार भेंट करने पहुंची थी। छात्राओं ने कुलपति को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान छात्राओं ने अपने ट्रेनिंग अनुभव भी साझा किए। कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं को बधाई दी और उद्यमिता से संबंधित कौशल विकसित करने तथा आइडियाज को स्टार्टअप के रूप में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया।


गोहाना। कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्राओं के साथ महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। शिष्टाचार भेंट करने पहुंची छात्राओं में लवली, अनुष्का दयाल, दिव्यांशु, रितिका, रिया, मुस्कान, मीना, संध्या, अंजलि व गोमती शामिल रहे। इस अवसर पर कार्यवाहक कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह तथा आरएफटी के ट्रेनर निखिल शर्मा एवं सोमदेव तंवर भी उपस्थित रहे।


Education

# VC Prof Sudesh inspires students to develop entrepreneurship skills and convert ideas into startups

Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya is committed to make its students self-reliant and entrepreneurial by providing employment-oriented education along with traditional education. All the professional courses of the BPSMV are designed to provide skilled workforce for the corporates through infrastructure. Vice Chancellor Prof Sudesh expressed this today while interacting with the students selected in campus placement.

Girish Saini Jul 5, 2024 06:57






Khanpur Kalan, July 5, 2024: Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya is committed to make its students self-reliant and entrepreneurial by providing employment-oriented education along with traditional education. All the professional courses of the BPSMV are designed to provide skilled workforce for the corporates through infrastructure. Vice Chancellor Prof Sudesh expressed this today while interacting with the students selected in campus placement.

The students selected as trainees in Legal, Management, IT and HR departments by Ruhil Future Technologies Private Limited (RFTPL) had come to pay a courtesy visit to the Vice Chancellor after the start of their training. The students presented a bouquet to the Vice Chancellor and received her blessings. The students also shared their training experiences.

Vice Chancellor Prof Sudesh congratulated the students and inspired them to develop skills related to entrepreneurship and convert ideas into startups. She said that there is no alternative to hard work. The Vice Chancellor called upon the students to give their best and bring glory to the university.

The students present include Lovely, Anushka Dayal, Divyanshu, Ritika, Riya, Muskan, Meena, Sandhya, Anjali and Gomti. Officiating Registrar Prof. Shweta Singh and RFT trainers Nikhil Sharma and Somdev Tanwar were also present.

Tags: VC Prof Sudesh inspires students | entrepreneurship skills | ideas into startups

PREVIOUS ARTICLE
FADA releases June'24 Vehicle Retail Data

NEXT ARTICLE
LPU hosted Co-Design workshop with Nottingham Trent University (UK)

WHAT'S YOUR REACTION?

| LIKE | LOVE | FUNNY | ANGRY | SAD | WOW |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

RELATED POSTS

Capacity building training programme organised by DRV DAV...
LPU hosted Co-Design workshop with Nottingham Trent University...
Induction Program for MBA courses on July 9

COMMENTS

Name | Email
Comment
I'm not a robot
Post Comment




SATURDAY 6TH OF JULY 2024 04:23:40 PM

POPULAR POSTS

Weekly Posts

Monsoon brings surge in dengue cases: Doctors advise caution,...
As Army Chief, Gen Dwivedi likely to address both external...
Telangana's first private university, Anurag University's...
Aam Aadmi Party got a big boost in Jalandhar, SC Commission...
SIP Prodigy 24 held, 2100 kids of 6 to 12 years of age...

FOLLOW US

Facebook | X (Twitter) | Linkedin | Youtube | Email

RECOMMENDED POSTS



Health
Monsoon brings surge in dengue cases: Doctors advise caution,...
As Army Chief, Gen Dwivedi likely to address both external...
IANS Interview: Keeping financial health of state sound...
IANS Opinion: My reminiscences of the next Indian Army...
The Third Eye: Keeping up vigil in Punjab
How heat waves are intensifying heart health risks

CONTACT US

For advertisement, news, article, advertorial, feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation
Terms & Conditions | Privacy Policy

Hindi News

# बीपीएसएमवी ने यूजी व पीजी की पहली मेरिट लिस्ट जारी की

बीए-एलएलबी की कट ऑफ 93 प्रतिशत, बीकॉम की 92.20।

Girish Saini  Jul 8, 2024 10:17






खानपुर कलां, गिरीश सैनी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई।

डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज ने बताया कि महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा खरल (जींद) व कृष्ण नगर (रेवाड़ी) स्थित क्षेत्रीय केंद्रों में एनईपी-2020 के प्रावधानों के तहत संचालित किए जा रहे यूजी व पीजी कोर्सेज की पहली कट ऑफ जारी की गई।

उन्होंने बताया कि अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में बीकॉम (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 92.20 रही। बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 86.60, बीबीए (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 89, बीए इंग्लिश (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) की कट ऑफ 90.20, बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (ऑनर्स) की कट ऑफ 84.80, बीए-एलएलबी की कट ऑफ 93, बीबीए-एलएलबी की कट ऑफ 85.40 तथा बी वोक (फैशन टेक्नोलॉजी एंड अपैरल डिजाइनिंग) की कट ऑफ 87.60 प्रतिशत रही।

इसके अलावा ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में एमए (इंग्लिश) की कट ऑफ 73.36, एमबीए की कट ऑफ 76.58, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट की कट ऑफ 74.80, एमएससी केमिस्ट्री की कट ऑफ 82.86 तथा एमएससी मैथमेटिक्स की कट ऑफ 78.3 प्रतिशत रही।

डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज ने बताया कि ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में रेवाड़ी के कृष्ण नगर स्थित क्षेत्रीय केंद्र में बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की कट ऑफ 86.40, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) की कट ऑफ 89, बीकॉम (ऑनर्स) की कट ऑफ 81.20 तथा एमए (इंग्लिश) की कट ऑफ 72.38 प्रतिशत रही।

वहीं, जींद के खरल स्थित स्वामी रतन देव रीजनल सेंटर में बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की कट ऑफ 89.2, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की कट ऑफ 73 तथा बीकॉम (ऑनर्स) की कट ऑफ 87 प्रतिशत रही।

यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पहली मेरिट लिस्ट के अभ्यर्थियों को 8 जुलाई तक फीस जमा करवानी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को डिस्प्ले की जाएगी और फीस 11 जुलाई तक जमा करानी होगी। 13 जुलाई को तीसरी मेरिट लिस्ट डिस्प्ले की जाएगी तथा 15 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे तक फीस जमा करानी होगी।

Tags: BPSMV | first merit list | UG and PG

‹ PREVIOUS ARTICLE
Chief Minister Bhagwant Mann held public meetings in Jalandhar West Assembly, appealed...

NEXT ARTICLE ›
Fadnavis predicts 200 seats for MahaYuti in Maharashtra

WHAT'S YOUR REACTION?

| LIKE | LOVE | FUNNY | ANGRY | SAD | WOW |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

RELATED POSTS

हरियाणा में तीसरे मोर्चे की कोशिश

एनएसबी के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी...

सुनारिया प्रशिक्षण केंद्र परिसर में त्रिवेणी लगा कर वृक्षारोपण...

COMMENTS

Name
Email
Comment
I'm not a robot
Post Comment




MONDAY 8TH OF JULY 2024 10:51:40 AM

POPULAR POSTS
Weekly Posts
Inner Wheel Club of Jalandhar celebrates Doctor 'S Day
India to be part of citizen astronaut programme by SERA,...
[illegible]
एमडीयू में विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों के लिए 14, 446 आवेदन...
Four of a family killed in house collapse in Telangana

FOLLOW US
Facebook | X (Twitter) | Linkedin | Youtube | Email

RECOMMENDED POSTS
Opinion
IANS Interview: Hindu temple in Moscow would be a trailblazing...
FairPoint: LoP is not about reel-making
Monsoon brings surge in dengue cases: Doctors advise caution,...
As Army Chief, Gen Dwivedi likely to address both external...
IANS Interview: Keeping financial health of state sound...
IANS Opinion: My reminiscences of the next Indian Army...

CONTACT US

For advertisement, news, article, advertorial, feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation
Terms & Conditions  Privacy Policy

# बीपीएसएमवी ने यूजी व पीजी की पहली मेरिट लिस्ट जारी की

## बीए-एलएलबी की कट ऑफ 93 प्रतिशत, बीकॉम की 92.20

खानपुर कलां,चेतना संवाददाता। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए शुक्रवार को पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज ने बताया कि महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा खरल जींद व कृष्ण नगर रेवाड़ी स्थित क्षेत्रीय केंद्रों में एनईपी-2020 के प्रावधानों के तहत संचालित किए जा रहे यूजी व पीजी कोर्सेज की पहली कट ऑफ जारी की गई।



उन्होंने बताया कि अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में बीकॉम ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 92.20 रही। बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 86.60, बीबीए ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 89, बीए इंग्लिश ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च की कट ऑफ 90.20, बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स ऑनर्स की कट ऑफ 84.80, बीए-एलएलबी की कट ऑफ 93, बीबीए-एलएलबी की कट ऑफ 85.40 तथा बी वॉक फैशन टेक्नोलॉजी एंड अपैरल डिजाइनिंग की कट ऑफ 87.60 प्रतिशत रही। इसके अलावा ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में एमए इंग्लिश की कट ऑफ 73.36, एमबीए की कट ऑफ 76.58, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट की कट ऑफ 74.80, एमएससी केमिस्ट्री की कट ऑफ 82.86 तथा एमएससी मैथमेटिक्स की कट ऑफ 78.3 प्रतिशत रही।

# उद्यमिता से संबंधित कौशल विकसित करें छात्राएं: कुलपति प्रो सुदेश

## कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्राओं से किया संवाद



खानपुर कलां, चेतना संवाददाता। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कर अपनी छात्राओं को आत्मनिर्भर तथा उद्यमिता योग्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय के सभी पेशेवर पाठ्यक्रम बुनियादी ढांचे के माध्यम से कॉरपोरेट के लिए कुशल कार्यबल प्रदान करने के लिए तैयार किए गए हैं। यह उद्गार कुलपति प्रो सुदेश ने कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्राओं के साथ संवाद करते हुए व्यक्त किए।

रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (आरएफटीपीएल) द्वारा लीगल, प्रबंधन, आईटी व एचआर विभाग में बतौर ट्रेनी चयनित छात्राएं अपनी ट्रेनिंग शुरू होने उपरांत कुलपति से शिष्टाचार भेंट करने पहुंची थी। छात्राओं ने कुलपति को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान छात्राओं ने अपने ट्रेनिंग अनुभव भी साझा किए। कुलपति प्रो सुदेश ने छात्राओं को बधाई दी और उद्यमिता से संबंधित कौशल विकसित करने तथा आइडियाज को स्टार्टअप के रूप में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। छात्राओं से अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम ऊंचा करने का आह्वान कुलपति ने किया।

शिष्टाचार भेंट करने पहुंची छात्राओं में लवली, अनुष्का दयाल, दिव्यांशु, रितिका, रिया, मुस्कान, मीना, संध्या, अंजलि व गोमती शामिल रहे। इस दौरान कार्यवाहक कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह तथा आरएफटी के ट्रेनर निखिल शर्मा एवं सोमदेव तंवर भी मौजूद रहे।

मिशन एडमिशन • कॉलेजों में लगी पहली लिस्ट, दाखिला प्रक्रिया हुई शुरू, 9 जुलाई तक जमा होगी फीस, 10 को दूसरी सूची होगी जारी

# बीकॉम संकाय में 105.6 और बीए में 101.2 रही कट ऑफ

भास्कर न्यूज़ | गोहाना


बीपीएस महिला विवि में कट ऑफ जारी होने के बाद दाखिला संबंधी जानकारी जुटाती छात्राएं।

## महिला विवि ने यूजी व पीजी कोर्स की जारी की कट ऑफ

खानपुर कलां में बीपीएस महिला विवि ने भी शुक्रवार को यूजी और पीजी कोर्सों की कट ऑफ लिस्ट जारी कर दी। डीन एकेडमिक अफेयर प्रो. संकेत विज ने बताया कि बीकॉम इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 92.20 रही। बेचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट इंटरडिसिप्लिनरी की 86.60, बीबीए इंटरडिसिप्लिनरी की 89, बीए इंग्लिश की 90.20, बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (ऑनर्स) की 84.80, बीए-एलएलबी की 93, बीबीए-एलएलबी की 85.40 तथा बीवॉक की 87.60 प्रतिशत रही। वहीं पीजी कोर्सों में एमए अंग्रेजी की कट ऑफ 73.36, एमबीए की 76.58, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट की 74.80, एमएससी केमिस्ट्री की 82.86 तथा एमएससी मैथमेटिक्स की 78.3 प्रतिशत रही।

# महिला विश्वविद्यालय ने भी जारी किया पहला कटआफ

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में पहला कटआफ जारी किया है। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो .संकेत विज ने बताया कि अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में आल इंडिया ओपन कैटेगरी में बीकाम की कटआफ 92 .20 प्रतिशत रहा। बैचलर आफ होटल मैनेजमेंट कटआफ 86 .60, बीबीए में कटआफ 89, बीए इंग्लिश आनर्स में 90 .20, बैचलर आफ फिजिकल एजुकेशन में 84 .80, बीए-एलएलबी में 93, बीबीए-एलएलबी में 85 .40 और बी वाक (फैशन टेक्नोलाजी एंड अपैरेल डिजाइनिंग) में कटआफ 87 .60 प्रतिशत रहा। एमए अंग्रेजी में कटआफ 73 .36, एमबीए में 76 .58, मास्टर आफ होटल मैनेजमेंट में 74 .80, एमएससी केमेस्ट्री में 82 .86 और एमएससी गणित में कटआफ 78 .3 प्रतिशत रहा।

# बीपीएस विवि में पहली कट ऑफ जारी

**गोहाना।** खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पहली कट ऑफ लिस्ट जारी की गई।

डीन अकादमी अफेयर्स प्रो. संकेत विज ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में बीकॉम इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 92.20 रही। बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट इंटरडिसिप्लिनरी की 86.60, बीबीए इंटरडिसिप्लिनरी की 89.0, बीए अंग्रेजी की 90.20, बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्र्स (ऑनर्स) की 84.80, बीए-एलएलबी की 93.0, बीबीए-एलएलबी की 85.40 व बीवॉक की 87.60 फीसदी रही। ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में एमए (अंग्रेजी) की कट ऑफ 73.36, एमबीए की 76.58, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट की 74.80, एमएससी रसायन विज्ञान की 82.86 व एमएससी मैथ की 78.3 फीसदी रही। संवाद



दाखिला लेने के लिए अभिभावकों संग पहुंचीं छात्राएं। संवाद

# बीपीएस ने की स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु पहली मैरिट लिस्ट जारी



पहली मैरिट लिस्ट जारी होने के बाद दाखिला प्रक्रिया में भाग लेती छात्राएं व अभिभावक।

गोहाना, 5 जुलाई (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आज पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज ने बताया कि अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में बीकॉम (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 92.20 रही। बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 86.60, बीबीए (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 89, बीए इंग्लिश (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) की कट ऑफ 90.20, बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (ऑनर्स) की कट ऑफ 84.80, बीए-एलएलबी की कट ऑफ 93, बीबीए-एलएलबी की कट ऑफ 85.40 तथा बी वॉक (फैशन टेक्नोलॉजी एंड अपैरेल डिजाइनिंग) की कट ऑफ 87.60 प्रतिशत रही। उन्होने कहा इसके अलावा ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में एमए (इंग्लिश) की कट ऑफ 73.36, एमबीए की कट ऑफ 76.58, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट की कट ऑफ 74.80, एमएससी केमिस्ट्री की कट ऑफ 82.86 तथा एमएससी मैथमेटिक्स की कट ऑफ 78.3 प्रतिशत रही। ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में रेवाड़ी के कृष्ण नगर स्थित क्षेत्रीय केंद्र में बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की कट ऑफ 86.40, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) की कट ऑफ 88, बीकॉम (ऑनर्स) की कट ऑफ 81.20 तथा एमए (इंग्लिश) की कट ऑफ 72.38 प्रतिशत रही।वहीं, जींद के खरल स्थित स्वामी रतन देव रीजनल सेंटर में बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की कट ऑफ 89.2, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की कट ऑफ 73 तथा बीकॉम (ऑनर्स) की कट ऑफ 87 प्रतिशत रही। दूसरी मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को डिस्प्ले की जाएगी।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
06-Jul-2024
Page: 6
http://www.ajitsamachar.com/20240706/27/6/1_1.cms